जाने क्या जादू कर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया,
बांके सांवरिया,
मेरे प्यारे सांवरिया,
जाने क्या जादु कर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया।।

तर्ज भक्तों को दर्शन दे गई रे।

जबसे सुनी है बैरन मुरलिया,
मन में बस गई तोरी सुरतिया,
बंसी बजा के किधर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया,
जाने क्या जादु कर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया।।

बैरन हो गई रातों की निंदिया,
भूल सकूँ ना मैं सांवरी सुरतिया,
घाव करेजवा में कर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया,
जाने क्या जादु कर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया।।

तेरे दरश को जियरा तरसे,

नैना मोरा सावन ज्यूँ बरसे,
बरस बरस घर भर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया,
Bhajan Diary,
जाने क्या जादु कर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया।।

ताराचंद कहे मत तरसाओ,
कृष्ण कन्हैया दरश दिखाओ,
काहे भूल बिसर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया,
जाने क्या जादु कर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया।।

जाने क्या जादू कर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया,
बांके सांवरिया,
मेरे प्यारे सांवरिया,
जाने क्या जादु कर गयो रे,
ओ बांके सांवरिया।।

गायक संजय पारीक जी।

Source:
https://www.bharattemples.com/jane-kya-jadu-kar-gayo-re-o-banke-sawariya/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw